गोपालपुरा बाईपास पर त्रिवेणी नगर पुलिया से गुर्जर की थड़ी अंडरपास तक बनाई जायेगी एलिवेटेड रोड

ट्रेफिक जाम की समस्या दिलाने के लिए इस प्रोजेक्ट पर करीब 185 करोड़ रु. खर्च करेगा जे.डी.ए. प्रशासन

जयपुर (कासं)। राजधानी जयपुर में लोगों को ट्रेफिक जाम से निजात दिलाने के लिए गोपालपुरा बाईपास पर त्रिवेणी नगर आर.ओ.बी. से गुर्जर की थड़ी तक एलिवेटेड रोड बनायी जायेगी। इस प्रोजेक्ट पर करीब 185 करोड रु. खर्च होंगे। इसके अलावा सालिगरामपुरा फाटक 85 और सीबीआई/इंडुनी फाटक पर 95 करोड़ की लागत से आर.ओ.बी. निर्माण किया जायेगा।

गुरूवार को जेडीए कमिश्नर आनंदी की अध्यक्षता में हुई पीडब्ल्यूसी की बैठक में जयपुर शहर को यह तीन सौगाते दी गई। बैठक में 500 करोड़ रु. के विकास कार्य मंजूर किए गए। आनंदी ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की अनुपालना में आमजन की सुविधा व सुरक्षित-सुगम यातायात के लिए गोपालपुरा बाईपास पर एलिवेटेड रोड बनाने का निर्णय हुआ है। इसी प्रकार इंडुनी/सीबीआई तथा सालिगरामपुरा फाटक पर भी पुलिया बनायी जायेगी। जयपुर-सवाईमाधोपुर रेलवे लाईन पर सालिगरामपुरा फाटक 86 करोड़ की लागत से आर.ओ.बी. निर्माण किया जायेगा, जिसकी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।

जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने गुरूवार को पीडब्ल्यूसी की बैठक ली।

बजट घोषणा वर्ष 2024-25 अनुसार नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अनन्तपुरा (जैतपुरा) चौमूं के भवन निर्माण के लिए अनन्तपुरा ग्रुप हाउसिंग योजना के आरक्षित भूखण्ड क्षेत्रफल 15885.98 वर्गमीटर में से 4000 वर्गमीटर भूमि आवंटन की जायेगी।

- **इसी प्रकार सालिग्रामपुरा और सी.बी.आई. फाटक पर भी 180 करोड़ की लागत से आर.ओ.बी. निर्माण किया जायेगा**

विद्याधर नगर विधानसभा में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 90.27 करोड़ रु. की प्रशासनिक-वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। जोन-4 में पीएचईडी द्वारा पाईप लाईन बिछाने से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के मरम्मतीकरण और अन्य सड़कों के नवीनीकरण पर भी 6.93 करोड़ रु. खर्च किए जाएंगे।

जोन-6 में निर्मल विहार एस-2ए तथा लोहामण्डी में पीएचईडी पाईप लाईन बिछाने से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को सुधारने पर 5.61 करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे। जोन-12ए में जविप्रा की आवासीय योजना ग्राम बैनाड़ मय दौलतपुरा में 3.97 करोड़ रु. की लागत से विकास कार्य कराए जाएंगे।

जोन-10 में गोनेर रोड से रिंग रोड तक नाले के कायाकल्प तथा प्रस्तावित विकास कार्यों को बैठक में मंजूरी दी गई। ओटीएस सामुदायिक केन्द्र के रिनोवेशन पर 2.51 करोड़ रु. की संशोधित प्रशासनिक-वित्तीय स्वीकृति दी गई। मालवीय नगर स्थित नंदपुरी अण्डरपास तथा गौरव टॉवर के पीछे की ओर जल भराव की समस्या के समाधान तथा ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने पर 7.80 करोड़ रु. खर्च किए जाएंगे। राजस्थान हाईकोर्ट में निर्माणाधीन पार्किंग प्रोजेक्ट के लिए पूर्व में स्वीकृत राशि 50 करोड़ रु. को बढ़ाते हुए 65 करोड़ रु. किया गया।

युवक ने मौसेरे भाई पर किया जानलेवा हमला

- **पिस्टल से तीन राउंड फायर कर जख्मी किया, गनीमत रही कि गोली युवक के हाथ में लगी**

जयपुर । मुहाना इलाके में एक शख्स ने अपनी पत्नी से फोन पर अश्लील बातें करने अपने ही मौसेरे भाई पर पिस्टल से तीन राउंड फायर कर दिए। गनीमत रही की गोली युवक के हाथ में लगी नहीं तो उसकी जान भी जा सकती थी। गंभीर हालत में युवक को एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं पुलिस ने फायरिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी विकास मुहाना थाना इलाके का रहने वाला है। उसके दूर के रिश्ते में लगने वाले मौसेरे भाई मोनू का उसके घर आना जाना है। यही कारण है कि उसने विकास की पत्नी के मोबाइल नंबर ले लिए और उससे फोन पर अश्लील बातें करने लगा। इसकी जानकारी जब विकास को चली तो उसने मोनू को समझाने का प्रयास किया, लेकिन मोनू नहीं माना और मंगलवार रात साढे 10 बजे अपने चार साथियों के साथ स्कॉर्पियो लेकर विकास के घर ही पहुंच गया। मोनू और विकास की आपस में कहासुनी हो गई। इस पर गुस्सायै विकास ने अपने मोनू पर एक के बाद एक तीन राउंड फायर कर दिया। इसमें एक गोली स्कॉर्पियो के शीशे पर, दूसरी टायर पर तथा तीसरी गोली मोनू के हाथ पर लगी। मोनू की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने फायरिंग करने वाले आरोपी को पकड़ लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित मोनू ने पर्चा बयान में बताया है कि 13 जनवरी को विकास बैरवा बार-बार कॉल कर रहा था। कॉल उठाने पर धमकी दी और कहा कि तेरी लोकेशन भेज मै तेरे से मिलूंगा। उस समय करणी फाटक होने के चलते लोकेशन भेज दी। काफी समय बाद भी विकास मिलने नहीं आया। करणी फाटक से रेंट पर स्कॉर्पियो लेकर निकल गया। देर शाम विकास ने दोबारा कॉल कर पंवालिया गांव स्थित अपने फार्म पर बुलाया। रात करीब 10:30 बजे स्कॉर्पियो में अपने दोस्त शिवराज, अंकित व मुकेश के साथ फार्म पर गया। फार्म के अंदर स्कॉर्पियो लगाकर बैठने के दौरान स्विफ्ट कार लेकर विकास आया। कडेक्टर साइड की तरफ से आते ही ड्राइवर सीट पर उसे बैठा देखा। जेब से पिस्तौल निकालकर उसकी तरफ फायर कर दिया।

घर से नकदी-जेवरात लेकर नौकर फरार

जयपुर (कासं)। अशोक नगर थाना इलाके में घर में काम करने वाले एक घरेलू नौकर अपने मालिक लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी लेकर भाग गया। बताया जा रहा है कि आरोपित नौकर ने अपने साथी के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित नौकर को चार महीने पहले ही काम के लिए रखा था। इस संबंध में पीड़ित ने थाने में घरेलू नौकर व उसके साथी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि हॉस्पिटल रोड सी-स्कीम निवासी आनंद सेठी (56) ने मामला दर्ज करवाया है कि 4 महीने पहले उन्होंने अपने घर पर काम-काज के लिए विक्की कुमार साहू को नौकर रखा था। गत दो दिन पहले चाय के लिए नौकर विक्की को आवाज लगाई। जवाब नहीं मिलने पर घर में सभी जगह उसको ढूंढा,लेकिन वह नहीं मिला। मोबाइल पर संपर्क करने पर बंद होने का पता चला। घर के सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर वह अपने साथी के साथ जाता दिखाई दिया। शक होने पर घर की अलमारी चेक करने पर उसमें रखे लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी व कीमती सामान गायब मिले। घरेलू नौकर के साथी के साथ मिलकर घर में चोरी कर भागने का पता चलने पर अशोक नगर थाना पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घरेलू नौकर व उसके साथी की तलाश में जुटी है।

होटल में बुलाकर युवती से दुष्कर्म

जयपुर । रामनगरिया इलाके में दोस्ती कर फैशन डिजाइन कोर्स के लिए सम्पर्क कराने के बहाने एक युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि आरोपित ने धोखे से होटल में बुलाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। पीडिता का विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। चूरू निवासी पीड़िता ने इस संबंध में थाने में मामला दर्ज करवाया है कि वह फैशन डिजाइनर का कोर्स करना चाहती थी। कोर्स की जानकारी करने के दौरान उसकी बातचीत आशीष से हुई। बातचीत के दौरान आरोपी ने उससे दोस्ती कर ली। फैशन डिजाइन कोर्स के लिए सम्पर्क कराने की कहकर जयपुर में जगतपुरा बुलाया। पीडिता का आरोप है कि 9 जनवरी को मिलने आने पर आरोपी आशीष उसे धोखे से होटल में ले गया। होटल के रूम में आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती की।

आई.पी.एस. हेमंत शर्मा की तस्वीरों में दिखेंगे देश-विदेश के खूबसूरत परिदृश्य व वास्तुशिल्प

जयपुर (कासं)। राजस्थान के पुलिस महानिरिक्षिक (आई.जी.पी.) और एंटी-टेररिज़म स्क्वॉड (एटीएस) के प्रमुख आईपीएस हेमंत शर्मा अपनी पहली सोलो फोटोग्राफी एग्जीबिशन "क्षितिज-द होराइज़न" के साथ तस्वीरों में कैद अपने जीवन काल के अनुभवों को प्रदर्शित करेंगे।

तीन दिवसीय फोटोग्राफी एग्जीबिशन का शुभारम्भ 17 जनवरी, शुक्रवार से जवाहर कला केंद्र की सुदर्शन आर्ट गैलरी में आयोजित की जाएगी। अपने प्रभाव शैली जीवनकाल में दुनिया भर में भ्रमण के दौरान उन्होंने प्राकृतिक, सांस्कृतिक और खगोलीय घटनाओं को अपने कैमरे में कैद किया। संयुक्त राष्ट्र मिशनों के दौरान उन्हें यूरोप, अमेरिका, कनाडा, अफ्रीका और भारत के वाइल्ड, लैंडस्केप और



वास्तुशिल्प को करीब से देखने का मौका मिला। पिछले 25 वर्षों से अपने फोटोग्राफी पैशन के जरिए इन बहुमूल्य क्षणों के लगभग 70 फोटोज को आईपीएस हेमंत इस प्रदर्शनी में प्रस्तुत कर रहे है। इस प्रदर्शनी में देश और विदेश के भव्य परिदृश्य शामिल होंगे,

- **70 फोटोज़ में 25 सालों का फोटोग्राफी पैशन, लेन्स में की देश-विदेश की खूबसूरती कैद**
- **जवाहर कला केन्द्र में 17 से शुरू होगी 3 दिवसीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी "क्षितिज - द होराइज़न"**

जिसका उद्घाटन करने के लिए विशिष्ट अतिथि पूर्व डीजीपी उमेश मिश्रा सहित ही आयकर विभाग और कस्टम विभाग के कई अधिकारी शिरकत करेंगे। प्रदर्शनी का समापन 19 जनवरी, रविवार शाम होगा।

सार-समाचार

पुलिस आयुक्त ने की जनसुनवाई

जयपुर। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने गुरूवार को आमेर थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध कुँवर राष्ट्रदीप, पुलिस उपायुक्त उत्तर राशि डूडी डोगरा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त उत्तर-प्रथम दुर्ग सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त आमेर, भोपाल सिंह भाटी सहित संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहे। बीजू जॉर्ज जोसफ ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान कई परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए थाना स्तर में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है।

पं.श्रीराम शर्मा की प्रतिमा का अनावरण

जयपुर । स्वतंत्रता सैनानी एवं संविधान निर्माण सभा के सदस्य पंडित श्रीराम शर्मा की प्रतिमा का अनावरण हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने किया। समारोह में पहुंचे सभी 36 बिरादरी के लोगों का स्वागत किया गया। एडवोकेट सतीश कौशिक रोहतक ने बताया कि डॉक्टर अरविंद शर्मा के नेतृत्व में यह सफल आयोजन हुआ।

पौषबड़ा और सुंदरकांड पाठ समारोह

जयपुर । सुशीलपुरा के हरिनगर श्रेत्र स्थित श्री हरीनारायण महादेव मंदिर में सुंदरकांड पाठ का सामूहिक रूप से भक्त मंडली टीम के सानिध्य में प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद धीरज शर्मा का भी सानिध्य, मार्गदर्शन मिला। रविवार को आयोजित विशाल पौषबड़ा महोत्सव में सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व महापौर मुनेश गुर्जर और वार्ड पार्षद धीरज शर्मा का सानिध्य मिला। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। विधायक गोपाल शर्मा ने स्वयं बच्चों के साथ प्रथम शुरुआत करते हुए बच्चों को प्रसादी वितरित की। उन्होंने कहा है कि वे हर संभव श्रेत्र की सेवा के लिए समर्पण भाव से तैयार हैं। उन्होंने समिति अध्यक्ष राम गुलाम सिंह सहित पूरी टीम को अच्छे आयोजनों की बधाई प्रेषित की है।

सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

जयपुर । झटपट बालाजी मंदिर और राधा गोविंद मंदिर संधारण समिति की ओर से शुक्रवार को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजक प्रमोद शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में पांच जोड़े परिणय सूत्र में बधेंगे। सोलह साल पहले जयपुर बम धमाके में अपने पिता घनश्याम तंवर को खोने वाली नाड़ी का फाटक मुरलीपुरा निवासी मुस्कान तंवर गुरुवार को देवराज सिंह के साथ परिणय सूत्र में बंध गई। आमेर कुंडा स्थित एक रिसोर्ट में धूमधाम से विवाह समारोह हुआ। परिवार और रिश्तेदारों के अलावा राजनीतिक हस्तियों ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। इससे पहले गाजेबाजे के साथ पहुंचीं बारात का जोरदार स्वागत किया गया। घर जैसे माहौल में शादी की सभी रस्में पूरी की गईं। राजस्थान प्रदेश पंजाबी महासभा, सर्व मंगल सेवा समिति और आर्य समाज ने मुस्कान की शादी का खर्च उठाया। महासभा अध्यक्ष रवि नैय्यर ने बताया कि जयपुर बम धमाके के समय मुस्कान दस साल की थीं। परिवार में सबसे छोटा छह महीने का बेटा था। रवि नैय्यर ने धमाके से प्रभावित दस परिवारों की बेटियों की शादियां कराई है।

'खेमराज कमेटी की रिपोर्ट जारी करें'

जयपुर । मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त के समक्ष मुख्यमंत्री कार्यालय की मीटिंग हॉल में आयोजित बजट पूर्व संवाद में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने खेमराज कमेटी की रिपोर्ट जारी कर उसे पूर्णतया लागू करने की मांग उठाई। राठौड़ ने एसीपी 9 18 27 के बजाय 816 24 32 वर्षों की, उपार्जित अवकाश लेप्स करने की बजाए सेवानिवृत्ति तक की जोड़े जाने, मंत्रालयिक कर्मचारियों की वेतन वेतन विसंगति दूर करने, राज्य के ठेका कर्मचारियों को की तरह शोषण मुक्त करने के लिए आरएलएसडीसी की शीघ्र अधिसूचना जारी करने, संविदा कर्मियों को संविदा नियम 2022 में शामिल कर नियमित करने की मांग रखी । राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र सिंह नरूका ने छोटे विभागों के कर्मचारियों को भी बड़े विभागों के मंत्रालयिक कर्मचारियों के समान पदोन्नित के समान अवसर देने की मांग रखी।

"वीर जनशक्ति पार्टी" दिल्ली और देश में व्यवस्था परिवर्तन चाहती है : मणीन्द्र जैन

जयपुर । "वीर जनशक्ति पार्टी" ने गुरूवार को प्रेस क्लब ऑफ़ इंडिया में एक संवाददाता सम्मलेन को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह पार्टी आगामी दिल्ली विधान सभा चुनाव में जीत कर दिल्ली/देश में व्यवस्था परिवर्तन करना चाहती है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मणीन्द्र जैन ने कहा कि उनकी पार्टी चाहती है कि भारत को एक "सनातन राष्ट्र" घोषित किया जाये, जिससे देश के सभी लोग एक साथ संगठित हो सकें। अगर हम सिर्फ "हिन्दू राष्ट्र" की बात करते हैं तो लोगों को लगता है कि यहाँ सिर्फ हिन्दू लोग हैं, लेकिन जब हम सनातन की बात करते हैं तो इसमें जैन, सिख और बौद्ध धर्म के लोग भी समाहित हो जाते हैं। बाकि जो अन्य धर्म हैं वो तो बाहरी देशों से आये हैं, जो सनातियों के साथ "जीओ और जीने दो" के सिद्धांत पर चलकर इस देश की मुख्य धारा में जुड़े रह सकते हैं। जो लोग

भी भारत माता की जय में विश्वास करते हैं, वो इस पार्टी के सदस्य बन सकते हैं। डॉ. जैन ने कहा कि रामराज्य की परिकल्पना तभी सच हो सकती है जब देश का हर परिवार समृद्ध बनेगा।

वीर जनशक्ति पार्टी देश को समृद्ध व सशक्त करने के लिए चाहती है कि हर परिवार का एक व्यक्ति चाहे वो युवा हो या महिला हो या फिर दिव्यांग हो उन्हें समृद्ध बनाया जाये जिससे उस परिवार का भरण-पोषण ठीक से होता रहे। डॉ. मणीन्द्र जैन का मानना है कि हर परिवार के समृद्ध बनने से मुफ्त की योजनाएं बंद हो जाएगी तथा टैक्स पेयर्स की धनराशि देश की विकास में लगेगी।

और इसके लिए "वीर जनशक्ति पार्टी" "जैन रोजगार योजना" ला रही है जिसका उद्घाटन 25 जनवरी को बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान करेंगे।

सरकार ने दिया सरपंचों को तोहफा

जयपुर । राज्य सरकार द्वारा मध्य प्रदेश मॉडल पर राज्य के सरपंचों को दिए गए अधिकार व कार्यकाल को लेकर दिए गए तोहफे पर प्रदेश भर के सरपंचों में खुशी की लहर छा गई है। इसके लिए सभी सरपंचों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर, ग्रामीण विकास मंत्री किरोड़ी लाल मीणा सहित सभी मंत्रियों व विधायकों का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

सरपंच संघ राजस्थान के मुख्य प्रमुखता रफीक पठान ने बताया कि सरपंचों के कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर सरपंच संघ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर गढ़वाल के नेतृत्व में लंबा संघर्ष किया गया और इसके तहत माननीय मुख्यमंत्री व अन्य मंत्री गणों से समय-समय पर मुलाकात करके इस मांग को प्रमुखता से रखते हुए सरपंचों का कार्यकाल बढ़ाने की बात रखी गई थी। इसके तहत पंचायत समिति जिला स्तर वह प्रदेश स्तर पर समय-समय पर ज्ञापन दिए थे।

कैनवास पर साकार हुए श्री राम के जीवन प्रसंग

जयपुर । एक्रेलिक रंगों से कैनवास पर साकार श्री राम के जीवन प्रसंग और इस पावन गाथा के सजीव चित्रण को निहारते कला प्रेमी। जवाहर कला केन्द्र में गुरुवार को यह दृश्य देखने को मिला। मौका रहा केन्द्र की ओर से आयोजित श्री राम कला महोत्सव के अंतर्गत आयोजित प्रदर्शनी का। जवाहर कला केन्द्र की अतिरिक्त महानिदेशक अलका मीणा ने प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस मौके पर केन्द्र के अन्य पदाधिकारीगण व सभी कलाकार और कला प्रेमी मौजूद रहे।

वरिष्ठ चित्रकार संदीप सुमहेन्द्र के क्युरेशन में अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 11 जनवरी को महोत्सव की शुरुआत हुई थी। प्रदेश के 20 वरिष्ठ व युवा चित्रकारों और कला विद्यार्थियों ने शिविर में यह पेंटिंग्स तैयार की। 20 जनवरी तक चतुर्दिक गैलरी में सुबह 11 से शाम 7 बजे तक यह पेंटिंग प्रदर्शित की जाएंगी। संदीप सुमहेन्द्र ने बताया कि प्रदर्शनी में कुल 63 कलाकृतियां प्रदर्शित की गयी हैं। शिविर में भाग लेने वाले 20 कलाकारों ने प्रति कलाकार 2 प्रसंगों को चित्रित करते हुए कुल 40 पेंटिंग तैयार की, इसके अलावा 22 पेंटिंग विद्यार्थियों ने बनायी।

शिविर में भाग लेने वाले कलाकारों में कैलाश चंद शर्मा, वीरेन्द्र बन्नु, संजीव शर्मा, हेमल कांकरवाल, शिवानी भदौरिया, संतकुमार, सावित्री शर्मा, युवराज सिंह शेखावत, प्रियंका बावेजा, भावना सक्सेना, शकुंतला महावर, रश्मि राजावत, धर्मेन्द्र शर्मा गौतम, ममता देवड़ा, कुबेर सिंह नरूका, टीना लालावत, अपर्णा जैन, जयकिशन लाखनिया, विनीता शर्मा, लाल चंद कांवलिया शामिल रहे। विद्यार्थियों ने शिविर में राजस्थान की पारंपरिक चित्र शैली, रंग संयोजन और कम्पोजीशन की बारीकियां सीखी।

रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय सदस्य अमरजीत विश्नोई की पत्नी सुधा कंवर इटली के ट्रेपानी शहर से गिरफ्तार

सीकर में 3 दिसम्बर 2022 को गैंगस्टर राजू ठेहट हत्याकाण्ड में शामिल शूटर मनीष उर्फ बच्चिया को सुधा कंवर ने ही पैसे और हथियार दिए थे

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ), राजस्थान ने एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। टीम ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इंटरपोल एजेंसी के साथ समन्वय कर रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय सदस्य अमरजीत विश्नोई की पत्नी सुधा कंवर पुत्री युधिष्ठिर (26) निवासी बीछवाल, बीकानेर को स्थानीय पुलिस के मार्फत बुधवार (15 जनवरी) को इटली के ट्रेपानी शहर में सिसली क्षेत्र से गिरफ्तार करवाया है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल के निर्देशानुसार राजस्थान में संगठित अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के लिए राज्य स्तर पर 16 दिसम्बर, 2023 को एक विशेष कार्यदल एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन किया गया था।

एडीजी एम.एन. के निर्देशन व उप महानिरीक्षक योगेश यादव के नेतृत्व में एजीटीएफ टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरोत्तम लाल वर्मा, सिद्धान्त शर्मा, पुलिस निरीक्षक रविन्द्र प्रताप, सुनिल जांगिड़ और आयुक्तालय जयपुर में पुलिस निरीक्षक मनीष शर्मा व टीम द्वारा संगठित अपराधों में सक्रिय गैंग्स पर निगरानी रखी जा रही है। लॉरेन्स विश्नोई तथा रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय सदस्यों को चिन्हित कर सभी जिलों की पुलिस के साथ समन्वय करते हुए इन गैंग के सक्रिय अपराधियों, शरणदाताओं, सहानुभूति रखने वाले, सोशल

गिरफ्तार आरोपी सुधा कंवर

मीडिया के फोलोवर्स के घरों पर लगातार सुनियोजित रेड मारकर आपराधिक डोजियर्स और फिंगर प्रिंट लेकर रिकॉर्ड व डाटा बेस तैयार कर प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई कर रही है।

एम.एन. ने बताया कि गैंगस्टर अमरजीत विश्नोई तथा सुधा कंवर का गिरोह धनी व्यापारियों को धमकी भरे कॉल से जबरन वसूली करता है, जबरन वसूली के पैसे न मिलने पर गिरोह के सदस्य पीड़ित व्यक्ति व उसके परिवार पर गोलीबारी तक करते है। सुधा कंवर का पति अमरजीत विश्नोई रोहित गोदारा और गिरोह के अन्य सदस्यों के लिए

- **गैंगस्टर अमरजीत विश्नोई तथा सुधा कंवर का गिरोह धनी व्यापारियों को धमकी भरे कॉल से जबरन वसूली करता है, जबरन वसूली के पैसे न मिलने पर गिरोह के सदस्य पीड़ित व्यक्ति व उसके परिवार पर गोलीबारी तक करते है।**

डब्बा कॉल की व्यवस्था करता था। अमरजीत को एजीटीएफ की सूचना पर पिछले साल 8 जुलाई को इटली में स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है।

एडीजी एमएन ने बताया कि गैंगस्टर अमरजीत की पत्नी सुधा कंवर मूल रूप से मेडता सिटी, नागौर की रहने वाली है। पहले पति से तलाक होने के बाद इसने अमरजीत विश्नोई के साथ शादी की और उसके आपराधिक कार्यों में सहयोग देने लगी। सीकर में 3 दिसम्बर, 2022 को हुए राजेन्द्र उर्फ राजू ठेहट हत्याकाण्ड के शूटरों में से मनीष उर्फ बच्चिया को सुधा कंवर ने मनी ट्रान्सफर कर एवं हथियार उपलब्ध करवा इस जघन्य हत्याकाण्ड में सहयोग किया था।

इस मामले में पुलिस ने 5 फरवरी 2023 को सुधा कंवर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया था। न्यायालय से जमानत मिलने पर सुधा कंवर को फरार करवा अमरजीत ने विदेश में बुलवा लिया था। एरिया डोमिनेशन की कार्रवाई, सोशल मीडिया पर फोलोवर्स, सहयोगियों से पूछताछ एवं ग्राउन्ड लेवल की आसूचना के आधार एजीटीएफ को सुधा कंवर के 10 अक्टूबर 2023 को ट्यूरिष्ट वीजा पर शारजहां के रास्ते इटली जाने की जानकारी हासिल हुई।

इस पर इसकी पासपोर्ट डीआईजी योगेश यादव के नेतृत्व में एएसपी नरोत्तम लाल वर्मा, उप निरीक्षक कमल पुरी, हेड कांस्टेबल रमेश कुमार, संतोष टेलर व कांस्टेबल सुभाष चन्द द्वारा तैयार की गई। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इंटरपोल एजेंसी के साथ समन्वय कर इसका सम्पूर्ण आपराधिक रिकॉर्ड, डोजियर, न्यायालय वांरट के साथ तलाश व गिरफ्तारी के लिए पत्राचार करते हुए दुबई तथा इटली के लिये इंटरपोल रेफरेंस प्रेषित किया गया एवं इंटरपोल से सुधा कंवर का रेड नोटिस जारी करवाया गया।

एमएन ने बताया कि सुधा कंवर के इटली के सिसिली में रहने की पुख्ता जानकारी प्राप्त होने पर सत्यापित करने के लिये केन्द्रीय एजेन्सी के माध्यम से इंटरपोल को रेफरेंस लैटर जारी कराने के बाद इटली में स्थानीय पुलिस द्वारा बुधवार 15 जनवरी को गिरफ्तार कर लिया। पूर्व में अमरजीत विश्नोई की भारत लाने की लिये प्रत्यर्पण की प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है तथा सुधा कंवर को भारत प्रत्यार्पित करने के लिये प्रक्रिया आरम्भ की गई है।

टेम्पल्स कन्वेंशन और एक्सपो 2025 तिरुपति में होगा

जयपुर । इंटरनेशनल टेम्पल्स कन्वेंशन एंड एक्सपो (आईटीसीएक्स) अपने बहुप्रतीक्षित दूसरे संस्करण के साथ एक बार फिर लौट रहा है। वर्ष 2023 में आयोजित पहले कन्वेंशन को अभूतपूर्व सफलता मिली थी और इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह का समर्थन भी प्राप्त हुआ था। इस वर्ष, आयोजन और भी भव्य स्तर पर होगा और 17 से लेकर 19 फरवरी तक आंध्र प्रदेश के पवित्र तीर्थ स्थल तिरुपति में आयोजित किया जाएगा। टेम्पल कनेक्ट (इंडिया) द्वारा विकसित आईटीसीएक्स, दुनिया का पहला विशेष मंच है, जो मंदिरों के प्रबंधन, संचालन और मंदिर अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य मंदिर प्रशासन को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रभावी बनाना और समग्र विकास को बढ़ावा देना है।

टेम्पल कनेक्ट के संस्थापक गिरीश कुलकर्णी ने कहा, "मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि अगले इंटरनेशनल टेम्पल्स कन्वेंशन और एक्सपो (आईटीसीएक्स) 2025 का आयोजन पवित्र नगरी तिरुपति में होने जा रहा है। पहला संस्करण काफी सफल रहा, जिसमें सैकड़ों मंदिरों के प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया था। इस वर्ष का आयोजन और भी अधिक भव्य होगा, जिसमें 58 से अधिक देशों के 1580 से अधिक मंदिरों और हाइब्रिड प्रारूप में 2400 से अधिक प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है।